हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार, 7 मई 2025


तापमान

अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री


11 तहसील में कोई भी इंतकाल लंबित न रखे अधिकारी





12 ट्रैफिक नियम तोड़ने पर पुलिस का शिकंजा




**खबर संक्षेप**

### ट्रेन से दो ट्रॉली बैग चोरी का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** जोधपुर से दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेन में एक यात्री के दो ट्रॉली बैग चोरी होने का केस दर्ज किया गया है। दिल्ली सराय रोहिल्ला जीआरपी को दर्ज शिकायत में जोधपुर निवासी ओबेदुर रहमान ने बताया कि वह गत 12 अप्रैल को जोधपुर से दिल्ली जा रहा था। रेवाड़ी स्टेशन के पास ट्रेन पहुंची तो उसके दो ट्रॉली बैग गायब मिले। इन बैगों में चांदी के आभूषण, कपड़े व दस्तावेज थे। सराय रोहिल्ला जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज करने के बाद उसे स्थानीय जीआरपी को भेज दिया।

### घटाल महनियावास में अवैध शराब बरामद की

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने घटाल महनियावास में अवैध शराब बेचने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर ने सूचना दी थी कि कर्णकुंज घटाल निवासी गौरव गांव में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। तुरंत रेड करने पर वह शराब के साथ काबू किया जा सकता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस पार्टी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचते ही टीनशेड से एक व्यक्ति निकलकर भाग गया। वहां से पुलिस ने 22 बोतल अवैध शराब बरामद की।

### ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक चालक गंभीर

**बावल।** दुल्हेड़ा के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से एक बाइक चालक कंपनी कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। राजस्थान के सीलगांव निवासी महेंद्र बावल की एक कंपनी में कार्यरत है। वह कंपनी में ड्यूटी करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। दुल्हेड़ा के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल महेंद्र को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। उसे गंभीरावस्था में परिजन जयपुर के एक अस्पताल ले गए।

### पांचौर से किसान की बिजली केबल चोरी

**रेवाड़ी।** पांचोर गांव में चोर एक किसान के नलकूप से बिजली की केबल चोरी कर ले गए। बिरेंद्र सिंह ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर पंप सैट लगवाया हुआ है। जब वह अपने खेत में गया तो सोलर पंप की बिजली केबल गायब मिली। चोरी हुई केबल की कीमत करीब 20 हजार रुपये है।

### दो लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने प्राणपुरा में मारपीट करने और जान से मारने धमकी देने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुभाष चंद ने बताया कि उसकी बेटी व नवासा हालचाल पूछने के लिए गांव आए थे। संदीप व प्रदीप ने उसके नवासे के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

अवैध कॉलोनियों पर चल रही तोड़फोड़ के बावजूद कॉलोनाइजर व डीलरों पर नहीं पड़ रहा असर

# अवैध कॉलोनियों पर चली जेसीबी, भालखी में पांच और गुमीना में तीन एकड़ का निर्माण किया जमींदोज

### जिले में फैल रहा है भूमाफियाओं का जाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

- अवैध रूप से हो रहे निर्माण का सर्वे करने के बाद नोटिस भेजे जा रहे हैं

डीटीपी की कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करके कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। जिले में अवैध कॉलोनियों पर पिछले दो माह से चल रही लगातार तोड़फोड़ के बावजूद कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। मंगलवार को डीटीपी की ओर से माजरा मुस्तिल भालखी व गुमीना की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर जेसीबी चलाई गई। डीटीपी की ओर से अवैध रूप से हो रहे निर्माण का सर्वे करने के बाद नोटिस भेजे जा रहे हैं। डीटीपी विभाग की टीम मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ रेवाड़ी-नारनौल मार्ग स्थित गांव माजरा मुस्तिल भालखी में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 5 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान 15 डीपीसी, 5 चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को जमींदाज किया गया। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने गांव गुमीना की रास्व सीमा में करीब 3 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी का जमींदोज कर दिया। डीटीपी की टीम ने यहां पर 12 डीपीसी, 2 चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया।

पुलिस बल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका। डीटीपी की तोड़फोड़ की कार्रवाई से दूसरे निर्माण करने वाले लोगों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

जिले में चारों ओर भूमाफियाओं का जाल फैला हुआ है। कृषि भूमि खरीदने के बाद उस पर प्लॉट काटे जा रहे हैं। प्लॉटों की रजिस्ट्री पर पाबंदी होने के बावजूद फुल पेमेंट एग्रीमेंट पर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। कई डीलर खरीददारों को कॉलोनी नियमित होने का झांसा देकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। प्लॉट बिकने के बाद प्रॉपर्टी डीलर गायब हो जाते हैं। ऐसे में जब खरीददार निर्माण शुरू करते हैं, तो डीटीपी की काईवाई शुरू हो जाती है। इससे खरीददारों को दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है।



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी में निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी।



फोटो : हरिभूमि

### अवैध निर्माण पर जारी रहेगी कार्रवाई

विभाग में अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों की सूची तैयार की गई है। जिले में अवैध निर्माण करने वालों को किसी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।



अनियमित कॉलोनियों में निर्माण करने वालों पर विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।
**-मंदीप सिहाग**, डीटीपी, रेवाड़ी।

## पानी रोकने के विरोध में इनेलो का प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से 7 मई को सुबह 10:30 बजे पंजाब सरकार की ओर से हरियाणा के हिस्से का पानी रोकने के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। इनेलो कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के नाम डीसी को ज्ञापन भी सौंपेंगे। इनेलो प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट रजवंत डहीनवाल ने कहा कि पंजाब सरकार ने हमेशा हरियाणा के हक पर डाका डालने का काम किया है।

पंजाब सरकार भाखड़ा के पानी को रोककर हरियाणा की जनता व किसानों के साथ अन्याय कर रही है, जिसको इनेलो पार्टी सहन नहीं करेगी। प्रवक्ता ने कहा कि इससे पहले भी इनेलो पार्टी ने एसवाईएल के पानी के लिए चौ. अभय चौटाला के नेतृत्व में लंबी लड़ाई लड़ी। इनेलो प्रवक्ता ने कहा कि ये बीजेपी सरकार की ही नाकामी है, जो अब पंजाब ने गैर कानूनी तरीके से हरियाणा के हक पानी रोक रखा है, जिसका खामियाजा आज हरियाणा की जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि इसलिए इनेलो पार्टी गुरुग्राम जोन के तहत आने वाले 8 जिलों में 7 मई को विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन में जिला सह प्रभारी बुद्धिजीवी सेल के प्रदेश संयोजक अशोक प्रधान, जिला प्रधान डा. राजपाल यादव व वरिष्ठ नेता संपतराम डहनवाल सहित अन्य इनेलो पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## रेवाड़ी, बावल व कोसली में लोक अदालत 10 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

- न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग से निपटाते हैं

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 10 मई को रेवाड़ी न्यायिक परिसर सहित बावल व कोसली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों का निपटारा करा सकते हैं। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सचिव अमित वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू व वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। लोक अदालत से शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा व समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।



सीजेएम अमित वर्मा।

## अवैध अहाता संचालकों के खिलाफ कार्रवाई, छह गिरफ्तार

- पुलिस ने सात अवैध अहातों पर की छापेमारी, शराब पीते लोगों की वीडियोग्राफी भी की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

नए एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के पदभार संभालने के बाद दुकानों और होटलों में अवैध रूप से शराब पिलाने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस ने एक साथ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सात अवैध अहातों पर शराब पिलाने के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं।

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने गश्त के दौरान देखा कि करनावास में शराब ठेके पास एक खोखा संचालक लोगों को अवैध रूप से शराब पिला रहा था। वहां बैठकर कई लोग शराब पी रहे थे, जो पुलिस को देखकर वहां से भाग गए। खोखा संचालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजस्थान के मुंडावर निवासी सूरजभान बताया। जब उससे अहाते का परमिट दिखाने को कहा, तो उसने परमिट होने से इनकार कर दिया। पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। पुलिस ने करनावास में ही शराब ठेके के पास दूसरे खोखे पर जाकर देखा तो वहां भी लोग बैठकर शराब पी रहे थे। पुलिस ने वीडियोग्राफी करते हुए खोखा संचालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम सूंदरोज निवासी सुनील कुमार बताया। उसके पास भी शराब पीने का कोई लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।



रेवाड़ी। पोसवाल चौक के पास रेहड़ी पर पिलाई जा रही थी शराब।

### चाय की दुकान पर भी पिलाई जा रही थी शराब

सिटी पुलिस ने सूचना के आधार पर रेलवे चौक के पास एक चाय की दुकान पर दबिश दी। दुकानदार गौतम नगर निवासी पवन कुमार लोगों को बैठाकर शराब पिला रहा था। दुकान के अंदर कुर्सियों पर कई लोग बैठकर शराब पी रहे थे। पवन से शराब पिलाने का लाइसेंस दिखाने को कहा, तो उसने लाइसेंस होने से मना कर दिया। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### रेहड़ी वाला पिला रहा था शराब

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सूचना के आधार पोसवाल चौक पर एक रेहड़ी पर दबिश दी तो रेहड़ी लगाने वाला धक्का बस्ती निवासी मुकेश रेहड़ी के पास बैठाकर लोगों को शराब पिलाता हुआ नजर आया। वहां कई लोग बैठकर शराब पी रहे थे, जो पुलिस को देखकर खिसक गए। पुलिस ने वीडियोग्राफी करते हुए आरोपी से परमिट दिखाने को कहा, तो उसने परमिट होने से इनकार कर दिया। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

### रोडवेज वर्कशॉप के पास शराब पीते मिले

पुलिस ने रोडवेज वर्कशॉप के पास पकोड़ों की रेहड़ी पर रेड की, तो रेहड़ी के आसपास लगी कुर्सियों पर बैठकर लोग शराब पीते हुए मिले। पुलिस को देखकर शराब पीने वाले लोग वहां से चले गए। पुलिस ने रेहड़ी लगाने वाले राजीव नगर धक्का बस्ती निवासी जोनी से परमिट दिखाने को कहा, तो उसने कागजात होने से मना कर दिया। वीडियोग्राफी करने के बाद पुलिस ने जोनी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

### प्रजापति चौक पर खोखा संचालक धरा

प्रजापति चौक पर पुलिस ने एक खोखे पर रेड की तो वहां खोखा संचालक पास में कुर्सियां लगाकर लोगों को शराब पिलाते हुए पकड़ लिया। वहां कई लोग बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे। खोखा संचालक साधुशाह नगर निवासी राकेश कुमार से पूछताछ की तो उसने शराब पिलाने का लाइसेंस होने से मना कर दिया। मौके पर वीडियोग्राफी करते हुए पुलिस ने राकेश को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

## टास्क के नाम पर लाखों की ठगी करने का आरोपी काबू

- पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गांव रामगढ़ निवासी एक व्यक्ति से टास्क या इन्वेस्टमेंट के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दिल्ली के हरी नगर निवासी लवनीत सिंह उर्फ लव के रूप में हुई है।

पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव रामगढ़ निवासी भगत सिंह ने शिकायत में बताया था कि उसके पास 25 सितम्बर 2023 को टेलीग्राम पर एक मैसेज आया था, जिसमें टास्क के बदले पैसा कमाने का लालच दिया गया। शुरू में उससे एक हजार रुपये जमा कराने को कहा गया। उसने यह राशि बताए गए नंबरों पर ट्रांसफर कर दी। उसके बदले उसे 1350 रुपये मिले थे। इसके बाद वह चंगुल में फंसता चला गया। कई ट्रांजेक्शन के जरिए उसने करीब 11 लाख 59 हजार 550 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इस राशि को पाने के लिए उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया, जिसके बाद उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी दिल्ली निवासी सन्नी खन्ना व गुरुग्राम निवासी पारस बजाज को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त एक और आरोपी लवनीत सिंह उर्फ लव को भी गिरफ्तार कर अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



आरोपी लवनीत सिंह उर्फ लव।

बूंदा-बांदी होने की जताई जा रही है संभावना


# बादल छाए, बिना बरसे ही लौट रहे

- करीब एक सप्ताह तक आसमां साफ होने के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

मौसम में बार-बार बदलाव का क्रम लगातार जारी है। आसमान में बादल छाने से पारा सामान्य से नीचे चल रहा है, जिससे मई माह में चलने वाली गर्म हवाओं से निजात मिली है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावना है। तापमान में भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

मंगलवार को सुबह से ही आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। 10 से 12 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की गिरावट के साथ 34.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 1.0 डिग्री की गिरावट के साथ 22.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बार मई के शुरू से ही पश्चिमी विक्षोभ के बार-बार सक्रिय होने से मौसम बारिश जैसा बना रहा है। इससे तापमान सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस तक कम चल रहा है। गर्म हवाओं और लू के थपेड़ों से अभी तक राहत मिली हुई है। मौसम विभाग के अनुसार बादल छाए रहने का सिलसिला अभी एक सप्ताह तक चल सकता है। इस दौरान हल्की बरसात या बूंदाबांदी भी हो सकती है।



रेवाड़ी। एक किसान के खेत में लहलहा रही गेंदे की फसल।

### बागवानी को फायदा

अप्रैल माह में भारी गर्मी का प्रकोप शुरू होने बाद बागवानी फसलों पर खतरा मंडराने लगा था। जिले के किसानों ने सब्जी के साथ गेंदे की फसल भी उगाई हुई है। लगभग 1 हजार हेक्टेयर में गेंदे और सब्जी की फसल उगाई हुई हैं। भारी गर्मी पड़ने से इन फसलों पर सूखने का खतरा मंडराने लगा था। किसान लगातार सिंचाई करते हुए फसलों को बचा रहे थे। मौसम में बदलाव के बाद तापमान में गिरावट आने से गेंदा और सब्जियों की फसलों में रौनक छाई हुई है। इन फसलों का अच्छा उत्पादन हो रहा है।










# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम

*लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।*



### हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

### कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहाट्र्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

### महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

### प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बव्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

### ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

# रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी :*** अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद :*** गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया :*** अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप :*** मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर :*** दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा :*** *ब्वैलपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।*

***हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस :*** *व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*


***हैली बीबर और केंडल जेनर :*** *हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन :*** *मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



## 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस'का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस'का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



## 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां'को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

## अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें :*** अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि :*** अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'





### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

## टीवी मसाला



## इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के'ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज'का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी'की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी'और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा'का करिश्मा'रिलीज हुआ।

## पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*



*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*

### *ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए*

*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

# अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया


***नई दिल्ली।*** *अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"

### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल

वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"



### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेके ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

## 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्ररोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### दिमागी रूप से कमजोर वृद्ध महिला लापता

**रेवाड़ी।** गोकलपुर गांव से दिमागी रूप से कमजोर करीब 70 वर्षीय वृद्धा घर से लापता हो गई। पुलिस शिकायत में सतपाल ने बताया कि उसकी मां मेवा देवी गत 3 मई को सुबह 10 बजे घर से बाहर गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। उसने और उसके परिजनों ने मेवा देवी की तलाश शुरू की। काफी तलाश करने के बाद भी वृद्धा का कोई पता नहीं चल सका। सदर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद वृद्ध महिला का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कसोला।** थाना कसोला पुलिस ने पातुहेड़ा में अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कमालपुर मुंडनवास निवासी पवन कुमार पातुहेड़ा में परचून की दुकान के पास खाली पड़ी जमीन पर शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर छापेमारी की, तो वहां से पुलिस को 48 पव्वे देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### रास्ता रोककर मारपीट करने में एक नामजद

**कोसली।** पुलिस ने झोलरी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में पवन कुमार ने बताया कि वह गांव के ही दलजीत के घर जा रहा था। कुलदीप ने उसका रास्ता रोककर मारपीट करना शुरू कर दिया। उसने भागकर दलजीत के घर में घुसकर अपनी जान बचाई। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। कोसली पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### बाबा सैय्यद का महोत्सव और भंडारा कल

**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित बाबा सैय्यद धाम परिसर में 8 मई को बाबा का महोत्सव व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन कमेटी के प्रधान रोशन लाल व कोषाध्यक्ष सोमवीर ने बताया कि महोत्सव में गायक कलाकार दीपा चौधरी, अजीत बैंसला, उमाशंकर, कोमल चौधरी व कशिश चौधरी बाबा सैय्यद की महिमा का गुणगान करेंगे।

### रोलियावास के गौरव ने की नेट परीक्षा उत्तीर्ण

**रेवाड़ी।** जिले के गांव रोलियावास निवासी गौरव शर्मा ने फिजिक्स विषय में पूरे देशभर में 219वीं रैंक लेकर नेट जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस उपलब्धि पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। गौरव ने घर पर ही नेट की तैयारी की और यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता जगदीप शर्मा सहित परिवार के सभी सदस्यों को दिया है। इलाके के प्रबुद्ध जनों ने गौरव के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



---

### पुलिस अधीक्षक ने थाना बावल और कसौला का किया औचक निरीक्षण

# निरंतर गश्त कर शरारती व आपराधिक किस्म के लोगों पर करें कार्रवाई : मीणा

### रजिस्टर व फाइलों की जांच के साथ मैस व मालखाना की साफ-सफाई को जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने मंगलवार शाम को थाना बावल व कसौला का औचक निरीक्षण कर पर्यवेक्षण अधिकारी, प्रबंधक थाना बावल, कसौला व चौकी इंचार्ज गढ़ी बोलनी को जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने थाने के रिकॉर्ड के रजिस्टरों व फाइलों की जांच करने के साथ ही बैरिक, मैस व मालखाना से लेकर प्रत्येक कमरे की साफ सफाई का भी जायजा लिया और खामियों को जल्द दूर करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण, थाना बावल प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार, थाना कसौला प्रभारी इंस्पेक्टर शिव दर्शन व गढ़ी बोलनी चौकी इंचार्ज पीएसआई सचिन सहित थाने में तैनात मुंशी व मालखाना मोहरर उपस्थित थे।

इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र मीणा ने कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें। पीओ, बेल जम्पर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें।



रेवाड़ी। बावल थाना परिसर में निरीक्षण करने पहुंचे एसपी हेमेंद्र मीणा।

#### जांच पेंडिंग न रखें

किसी भी मुकदमे की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखे। महिला विरूद्ध अपराध, अवैध हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने थाना प्रभारियों को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों, बुलेट पटाखा फोड़ने वालों व ध्वनि प्रदूषण कर हुड़दंग करने वालो पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। थाने में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की अच्छे से सुनवाई कर तय समय के दौरान उचित कार्रवाई करें। किसी के साथ अभद्र व्यवहार न करें। क्षेत्र में आमजन के साथ अच्छा तालमेल बनाकर निरंतर गश्त करके शरारती व आपराधिक किस्म के व्यक्तियों पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि किसी भी आपराधिक घटना के घटित होने की सूचना मिलने पर तुरंत घटनास्थल पर पहुचें। निरंतर गश्त कर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से चेकिंग करें। अपराध पर अंकुश लगाने का हर संभव प्रयास करें। लापरवाही बरतने वाले एवं भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी अधिकारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

---



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को संबोधित करते डा. आरबी यादव। फोटो : हरिभूमि

## छात्रों को अहिल्या देवी की जीवनी से अवगत कराया

- उमा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्या देवी होलकर के त्रिस्ताब्दी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में उमा भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समाजसेवी व चिकित्सक डा. आरबी यादव तथा समाजसेवी रमेश सचदेवा ने विद्यार्थियों को अहिल्या देवी होलकर की जीवनी से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रिंसिपल दिवान सिंह व वाइस प्रिंसिपल कमलेश के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन कमलेश ने किया। प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को अपने स्वर्णिम इतिहास से प्रेरणा लेकर अपने-अपने क्षेत्र में सफल होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पूनम भारद्वाज सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

# तहसील में कोई भी इंतकाल लंबित न रखें

- एसडीएम विजय कुमार यादव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

एसडीएम विजय कुमार यादव ने मंगलवार को उपमंडल कार्यालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली।

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का निदान नहीं होने की वजह से उनको सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। ये सिलसिला अब बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपमंडल के सभी पटवारी रोजाना कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर लोगों की शिकायतों का निवारण करेंगे। नाहड़ गंगापुरी मंदिर के पास स्थित कार्यालय में पटवारी राकेश व सुनील कुमार, बीडीपीओ ऑफिस नाहड़ में पटवारी चमन लाल, उपमंडल सचिवालय कोसली के कमरा नंबर-210 में पटवारी शिवचरण और मनोज, कमरा नंबर-219 में पटवारी कुलबीर सिंह, कमरा नंबर-220 में वीर सिंह कानूनगो तथा कमरा नंबर-211 में पटवारी कमलजीत सिंह मौजूद रहेंगे। एसडीएम ने बताया कि कोसली तहसील कार्यालय में पटवारी सुरेश कुमार, नाहड़ सचिवालय में पटवारी प्रवीन व अंकुर प्रतिदिन जनता के लंबित कार्यों को पूरा करने का काम करेंगे।



रेवाड़ी। राजस्व विभाग की बैठक लेते एसडीएम विजय कुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

#### पटवारियों के कार्यालय का औचक निरीक्षण होगा

एसडीएम ने कहा कि पटवारियों के कार्यालय का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा, कोई कर्मचारी अनुपस्थित पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील में कोई इंतकाल लंबित नहीं रहना चाहिए। ततीमा काटने का कार्य जल्दी पूरा होना चाहिए। पटवारी आम नागरिकों की जाति सत्यापन और परिवार पहचान पत्र में आय सत्यापन का कार्य समय पर करें। इस अवसर पर तहसीलदार जितेंद्र कुमार भी मौजूद थे।

---

बार प्रधान सपत्नीक बने यजमान

## बावल में अदालत स्थापना के आठ वर्ष पूरे होने पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

जिले के कस्बा बावल में अदालत स्थापना के 8 साल पूरे होने पर मंगलवार को बार एसोसिएशन की ओर से अदालत परिसर में सामूहिक हवन आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों अधिवक्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम में बावल के एसडीजेएम आलोक आनंद भी मौजूद थे। हवन में बावल बार प्रधान प्रीतम ढिल्लो और उनकी धर्मपत्नी ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। इस मौके परर प्रीतम ढिल्लो ने कहा कि बावल बार ने पहली बार अदालत की स्थापना पर हवन कराया है, जिससे सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे।

उन्होंने कहा कि नए अदालत भवन का नींव पत्थर रखा जा चुका है। ढिल्लो ने बताया कि सरकार ने गत तीन साल से रेवाड़ी और बावल में लेबर ट्रिब्यूनल स्थापित करने के मसले को हल कर दिया है। अब रेवाड़ी और बावल दोनों जगह लेबर ट्रिब्यूनल स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सरकार ने जिला झज्जर, सोनीपत और पलवल भी लेबर ट्रिब्यूनल स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे निश्चित रूप से जिलावासियों को फायदा मिलेगा। कार्यक्रम में अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।



रेवाड़ी। अदालत के स्थापना दिवस पर हवन करते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

---

# गुरु रविदास के विचारों को घर-घर पहुंचाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



कुमारी गीता

- गुरु रविदास विश्व महापीठ की प्रदेशाश्यक्ष बनी गीता

गुरू रविदास विश्व महापीठ के शीर्ष पदाधिकारियों ने महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त करते हुए जिला पार्षद कुमारी गीता को महिला मोर्चा का प्रदेश संगठन बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

इस जिम्मेदारी के लिए कुमारी गीता ने महापीठ के अंतर्राष्टीय अध्यक्ष दुष्यंत कुमार, महामंत्री आत्माराम परमार, राष्टीय अध्यक्ष सुरजीत कुमार, प्रदेशाध्यक्ष रामलाल आर्य व संगठन मंत्री राजेश सुनारिया का आभार जताया है। एक बयान में कुमारी गीता ने कहा कि पीठ की ओर से जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा और इमानदारी से निभाएंगी। वह प्रदेश स्तर पर अधिक से अधिक महिलाओं को पीठ से जोड़ने की दिशा में कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि रविदास समाज से लेकर सर्वसमाज की महिलाओं को संत रविदास के विचारों से घर-घर जाकर अवगत कराया जाएगा। हर जिले में संगठन के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं को जोड़ने की दिशा में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

---

डीसी अभिषेक मीणा बोले

## ऑनलाइन साइट्स से सामान के लिए कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर क्राइम के मामलों की रोकथाम व धोखाधड़ी की सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से हेल्पलाइन नंबर 1930 चलाया जा रहा है, जिस पर ठगी होने पर तत्काल सूचना दी जा सकती है।

डीसी अभिषेक मीणा ने जिलावासियों से से अपील करते हुए कहा कि ऐसे में आमजन साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक रहें। डीसी ने कहा कि पिछले कुछ सालों से ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में लोग पहले ही जांच-पड़ताल कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। अगर संभव हो तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि बैंक और कार्ड की डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके।



डीसी अभिषेक मीणा

- तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्प लाइन का विकल्प सही

#### धोखाधड़ी होने पर नंबर 1930 पर डायल करें

डीसी ने कहा कि यदि फिर भी किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी हो जाती है तो सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। डीसी ने कहा कि जिलावासी साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। डीसी ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन जाकर तरीके से एफआईआर कराना व उसकी जांच होना एक लंबी प्रक्रिया है। ऐसे में तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन का विकल्प सबसे सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जितनी जल्दी सूचना दी जाए, उतना ही सही है ताकि आगे की ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए पीड़ति को त्वरित सहायता प्रदान की जा सकें। उन्होंने बताया कि पीड़ति व्यक्ति साइबर क्राइम की वेबसाइट साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

---

## बाइक सवार तीन युवक फोन छीनकर हुए फरार

- कसोला पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज किया
- सुबह के समय पैदल घर से कंपनी की ओर जा रहा था पीड़ित युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बाइक पर सवार तीन युवकों ने बारी-बारी से दो लोगों के मोबाइल फोन छीन लिए। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। कसोला पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस शिकायत में आसलवास निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह आईएमटी की एक कंपनी में नौकरी करता है। सुबह के समय वह पैदल घर से कंपनी की ओर जा रहा था।

टोयटो कंपनी के पास पहुंचते ही पीछे से बाइक पर आए तीन युवक उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। बाइक सवार वारदात को अंजाम देकर आसलवास फ्लाईओवर की ओर भाग गए। उसने किसी अन्य के फोन से अपने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद उसके परिजन वहां पहुंच गए। उन लोगों ने फोन छीनने वालों का पता लगाने का प्रयास किया। इसी दौरान आसलवास निवासी धर्मबीर उन्हें रास्ते में मिल गया। जब उससे बाइक सवार युवकों के बारे में पूछा तो उसने बताया कि तीनों युवक उसका फोन भी छीन ले गए। कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

---

## आशा सह सचिव व यशोदा बनी महिला संगठन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल ने एडवोकेट आशा मंगला को रेवाड़ी विधानसभा महिला सह सचिव और यशोदा बंसल को रेवाड़ी विधानसभा महिला संगठन मंत्री नियुक्त किया है। दोनों पदाधिकारियों ने वैश्य समाज को आगे बढाने, समाज के लिए कार्य करन व समाज के लोगों को संगठित तथा एकजुट करने का आश्वासन दिया।

अग्रवाल वैश्य समाज की रेवाड़ी विधानसभा महिला अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, युवा प्रदेश प्रवक्ता नीतेश अग्रवाल, रेवाड़ी विधानसभा अध्यक्ष रामकिशन अग्रवाल, रेवाड़ी विधानसभा महिला उपाध्यक्ष रेखा अग्रवाल, रेवाड़ी विधानसभा महिला सचिव सपना कुमारी अग्रवाल, अग्रवाल वैश्य समाज से शशि बंसल, उषा रस्तोगी, मीनाक्षी गोयल, पूजा गुप्ता, मनु मंगला, सरला अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, सीमा खंडेलवाल, प्रिया गोयल, निर्मला अग्रवाल, रजनी जैन, रजनी गुप्ता, सुनील अग्रवाल, एडवोकेट अनिल गुप्ता, ललित गुप्ता, संजय सिंघल, प्रवीण बंसल, हिमांशु सिंघल, मनोज गुप्ता, शुभम अग्रवाल, आयुष गुप्ता, अशोक गोयल, विनय बंसल व मोहित सिंघल ने दोनों को बधाई दी है।



यशोदा बंसल



आशा मंगला

---

### बामनवास के मंदिर में भंडारा और जागरण का आयोजन कल

**नारनौल।** निजामपुर खंड के गांव बामनवास नूं की ढाणी श्यामजी के श्याम मंदिर में 8 मई गुरुवार को 22वें विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य कलाकार अलवर से विनोद मेहता, रोहताश दायमा, निशा जागंड़ा, मनीषा मरदानी के साथ योगेश डागर भी अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। इससे पहले मंदिर में 7 मई प्रातः 7:15 बजे श्री रामचरितमानस रामायण का अखंड पाठ किया जाएगा। वहीं दूरदराज से आए भक्तगण मेले का लुत्फ उठाएंगे। इस संबंध मे श्याम भक्त शीशराम ने बताया कि गांव बामनवास नौ की ढाणी श्याम जी के श्याम मंदिर में हर वर्ष की भांति वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा।

---

### अनुसंधान कार्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर व्याख्यान

# एआई उपकरणों का लाभ उठाने के लिए संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया

### इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में सेमिनार संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में वाणिज्य विभाग की ओर से 'अनुसंधान कार्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग' शीर्षक पर ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दक्षिण अफ्रीका के रोड्स विश्वविद्यालय के आईएलएएम से डा. राकेश कुमार ने भाग लिया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अदिति शर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डा. कुमार ने शोध में एमिक और एटिक दृष्टिकोणों की जटिलताओं पर चर्चा करते हुए प्रस्तुति दी। साथ ही स्नातकोत्तर अध्ययनों में जनरेटिव एआई के एकीकरण द्वारा उत्पन्न पद्धतिगत और ज्ञानमीमांसा चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अकादमिक शोध में नैतिक और ज्ञान मीमांसा संबंधी चिंताओं पर एआई उपकरणों का लाभ उठाने के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो.अदिति शर्मा ने आज के शोध परिदृश्य में विषय की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। प्रो. तेज सिंह, डा. ईश्वर शर्मा और अन्य संकाय सदस्यों ने भी सेमिनार में भाग लिया। प्रो. शर्मा ने मुख्य वक्ता को आभार व्यक्त किया। डा. प्रियंका ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डा. अनीता, डा. संदीप यादव, डा. मंजीत शर्मा व डा. मेघा सहित विभाग के शोधार्थी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। सेमिनार में मुख्य वक्ता का स्वागत करते प्रोफेसर।

## खबर संक्षेप

### नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने नशीला पदार्थ गांजा उपलब्ध कराने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने 4 मई को मीट मार्केट झज्जर रोड से जेलदार बिल्डिंग में किराए पर रहने वाले संघी का बास निवासी आशीष को नशीला पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसे गांजा आदर्श नगर मेहरवाड़ा निवासी गौरव ने मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी गौरव को भी गिरफ्तार कर लिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी चालक की मौत

**कोसली।** गूगोढ गांव के बस स्टैंड के समीप मंगलवार को हुई एक सड़क दुघर्टना में नांगल पठानी गांव के व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के भतीजे ने अज्ञात वाहन चालक पर दुर्घटना करने के आरोप में मामला दर्ज कराया है। नांगल पठानी निवासी बलबीर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को उनके चाचा धर्मबीर किसी कार्य से स्कूटी पर नांगल पठानी से गुड़ियानी जा रहे थे कि गूगोढ गांव के बस स्टैंड से आगे किसी अज्ञात वाहन चालक ने उनको टक्कर मार दी। दुर्घटना में लगी चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** आसरा का माजरा निवासी सेना के जवान के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अंकुश ने आरोप लगाया था कि कार में सवार लोगों ने मारने की प्रयास किया था। उसने गोली चलाने का आरोप भी लगाया था, पुलिस जांच में फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई।

### वाहन चालकों पर 3 करोड़ 64 लाख 51 हजार रुपये से अधिक का लगाया जुर्माना

# ट्रैफिक नियम तोड़ने पर पुलिस का शिकंजा अप्रैल माह में 7524 वाहनों के काटे चालान

- सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को किया जा रहा है जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़कर हवाबाजी करने व ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस की ओर से अप्रैल माह में यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 7524 वाहन चालकों के चालान करते हुए 74 वाहन इंपाउंड किए गए। इन वाहनों में 7 बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल, 116 ब्लैक फिल्म वाहन, 1020 रॉन्ग पार्किंग, 3137 विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, 1259 विदाउट नंबर प्लेट, 131 विदाउट हेलमेट, 8 विदाउट सीट बेल्ट, 1544 ट्रिपल राइडिंग, 9 ड्रिंकिंग ड्राइविंग, 2 प्रेशर हॉर्न बजाने वाले, 187 रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने तथा 296 लेन चेंज करने के वाहन शामिल है। पुलिस की ओर से इन वाहन चालकों पर 3 करोड़ 64 लाख 51 हजार 600 रुपए का जुर्माना भी किया गया। पुलिस का उद्देश्य जिले की सड़कों पर लोगों को सुरक्षित सफर प्रदान करने के साथ सड़क हादसों को रोकना है। पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।




रेवाड़ी। गाड़ी से ब्लैक फिल्म उतारते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### ट्रैफिक नियमों की पालना सभी की जिम्मेदारी: एसपी



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि सभी नागरिक यातायात नियमों का पालन करें, तेज रफ्तार में गति सीमा को न तोड़े, प्रेशर होरन न बजाएं, रोड के बीच में अपने वाहन को कभी भी न रोके, वाहन को मोड़ते समय हमेशा इंडिकेटर का प्रयोग करें, तेज आवाज में गाड़ी के अंदर संगीत ने बजाएं, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाए, सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग करें तथा नशा करके वाहन न चलाएं। चालक वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। एसपी ने कहा कि ने बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़कर हवाबाजी करने वालों को सुधरने के लिए सख्त हिदायत दी है। एसपी ने यातायात थाना प्रभारी सहित सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए है कि वे यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के बकाया चालान को भरवाना सुनिश्चित करें। एसपी ने सभी वाहन चालकों को भी वाहनों के लंबित ट्रैफिक चालान समय पर भरने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि समय पर चालान नहीं भरने पर वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। एसपी ने कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और ट्रैफिक नियमों की पालना करना हम सभी की जिम्मेदारी है, इसलिए आमजन भी अपनी जिम्मेदारी समझे। उन्होंने कहा कि अक्सर वाहन चालक बाजार में अपने दुपहिया और चौपहिया वाहनों को सड़क के बीच या फिर अव्यवस्थित ढंग से खड़े करके चले जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है, इसलिए सभी लोग अपने वाहनों को पार्किंग स्थान पर ही खड़ा करें।

### अब अग्निवीर के शहीद होने पर

# परिवार को मिलेगी एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा।

- अग्निवीरों का पहला बैच अगस्त 2023 में सशस्त्र बलों में शामिल हुआ था
- सभी जिलों से कुल 5120 अग्निवीरों की भर्ती हुई थी

हरियाणा सरकार की ओर से युद्ध में शहीद हुए अग्निवीरों के परिवारों को एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि तथा हरियाणा के वीरता-विशिष्ट पुरस्कार विजेता अग्निवीर को एकमुश्त नकद पुरस्कार देने के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कैबिनेट बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि राज्य सरकार युद्ध में शहीद हुए डिफेंस तथा पैरामिलिटरी फोर्सेज सैनिकों के परिवारों को एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान करती है तथा अब अग्निवीरों को भी यह लाभ देने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने चार वर्ष की अवधि के लिए तीनों सेवाओं सेना, नौसेना और वायु सेना में अग्निवीर अधिकारी रैंक कैडर से नीचे के रूप में पुरुष और महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित उम्मीदवारों को भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के अग्निवीर के रूप में नामांकित किया जाता है। अग्निवीरों का पहला बैच अगस्त 2023 में सशस्त्र बलों में शामिल हुआ था। अब तक पिछले दो वित्तीय वर्षों 2022-23 और 2023-24 में हरियाणा के सभी जिलों से कुल 5120 अग्निवीरों की भर्ती हुई थी। 2024-25 के दौरान हरियाणा से लगभग 2000 अग्निवीरों की भर्ती हुई है।

# ग्राम पंचायत ने खाली कराया था अवैध कब्जा, दोबारा कब्जा जमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- चार लोगों ने रास्ते पर फिर से कब्जा जमा लिया

गंगायचा अहीर में पंचायती रास्ते पर किए गए कब्जे को ग्राम पंचायत ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस की मौजूदगी में खाली करा लिया था।

आरोप है कि चार लोगों ने रास्ते पर फिर से कब्जा जमा लिया। बीडीपीओ की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। बीडीपीओ को भेजे गए पंचायती प्रस्ताव में सरपंच पूजा यादव ने बताया कि गांव निवासी धर्मपाल, धर्मेंद्र व सज्जन आदि की शिकायत पर एक प्रस्ताव पास किया गया था, जिसके बाद ग्राम पंचायत ने ड्यूटी मजिस्टेट व पुलिस की मौजूदगी में 31 जनवरी को रास्ता नं. 200 से कब्जा खाली करा लिया था। सरपंच का आरोप है कि गांव निवासी राकेश, अनिल, ब्रह्मप्रकाश व जयप्रकाश ने रास्ते को ट्रैक्टर से जोतकर फिर से कब्जा कर लिया। सरपंच ने एक ओर प्रस्ताव पास कराकर बीडीपीओ को भेज दिया। इस प्रस्ताव के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद आगामी कार्यवाही शुरू कर दी।

### भाजपा खोरी मंडल की बैठक 10 को

**कुंड।** खोरी मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आगामी 10 मई को बीएमआर मावेन परिसर टींट में आयोतित होगी। मंडल महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर ने बताया कि मंडल अध्यक्ष सरपंच नरेश यादव की अगुवाई में होने वाली बैठक में मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष वंदना पोपली होंगी और अध्यक्षता मंडल प्रभारी चौधरी वीरेंद्र सिंह छिल्लर करेंगे। बैठक में सभी मोर्चा के गठन पर चर्चा की जाएगी।

- मंडल महामंत्री प्रदीप ठेकेदार ने यह जानकारी दी

# रेलवे यार्ड के पास यात्री को मारपीट कर लूटा, दो के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- कंपनी में काम करने के लिए मध्यप्रदेश से आया था
- जीआरपी ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी

रेलवे यार्ड के पास ट्रेन से आए एक यात्री का रास्ता रोककर दो युवकों ने मारपीट करते हुए ट्रॉली बैग व नकदी छीन ले गए। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

जीआरपी को दर्ज शिकायत में मध्यप्रदेश के रुरुआ निवासी सोनू ने बताया कि वह पहले बावल की एक कंपनी में कार्य करता था। वह फिर से कंपनी में काम करने के लिए मध्यप्रदेश से आया था। सुबह के समय वह दिल्ली आने वाली ट्रेन से स्टेशन पर उतरा था। रेलवे स्टेशन से वह पैदल नाईवाली चौक की ओर जा रहा था। रेलवे यार्ड के पास दो युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। दोनों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। धक्का-मुक्की करते हुए दोनों उसका ट्रॉली बैग और जेब से 200 रुपये निकालकर फरार हो गए। बैग में उसके कपड़े और अन्य सामान था। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

# ऑनलाइन टास्क के नाम पर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन टास्क के नाम पर मोटा पैसा कमाने का झांसा देकर 1.30 लाख रुपये की ठगी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

गत 21 अप्रैल को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में शिव कॉलोनी निवासी दीपक जैन ने बताया था कि 17 अप्रैल को उसके पास व्हाट्एप मैसेज आया था। मैसेज करने वाली ने खुद को एक कंपनी की एचआर स्पेशलिस्ट मेना सपकाल बताते हुए ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने को कहा था। इसके बाद उसने उसके पास एक लिंक भेजा, जिस पर क्लिक करने के बाद उसने आईडी बना ली। शुरू में उसे टास्क के नाम पर 125 रुपये दिए गए। यह राशि आने के बाद उससे अलग-अलग यूपीआई आईडी पर तीन बार में 1.30 लाख ट्रांसफर करा लिए। जब उसने पैसा वापस पाने का प्रयास किया तो उससे 2 लाख रुपये और जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के गांव रतनपुरा में ढाणी शेरावतों की निवासी मनीष कुमार शेरावत व अजय देगड़ा को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से एक आरोपी ने साइबर ठगों को खाता मुहैया कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी, जबकि दूसरे के खाते में एक बार 20 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे।




रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी के दो आरोपी।

### डीएवी में सशक्तिकरण सत्र का आयोजन

**रेवाड़ी।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में चाइल्ड हेल्प फाउंडेशन की ओर से सशक्तिकरण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह दहिया के मार्गदर्शन में कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। नितांशी यादव ने बताया कि फाउंडेशन बच्चों के विकास और सशक्तिकरण के लिए काम करता है। उन्होंने छात्रों के साथ आपातकालीन चिकित्सा सहायता, जल स्वच्छता, लिंग समानता और सतत विकास लक्ष्य सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। प्रधानाचार्य दहिया ने छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।

- कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह दहिया के मार्गदर्शन में कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया

# सनग्लो स्कूल में योग सत्र आयोजित, विद्यार्थियों ने अनेक योग आसनों का किया प्रदर्शन

- आयुष्य मंदिरम ट्रस्ट मिशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पहली से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नारनौल रोड स्थित सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल में योग सत्र एवं हाथों की स्वच्छता पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयुष्य मंदिरम्-ट्रस्ट मिशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पहली से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। योग आचार्य सुषमा कुमारी ने छात्रों को विभिन्न योगासनों और प्राणायाम तकनीकों का अभ्यास कराया।

छात्रों ने उत्साह के साथ सभी आसनों का प्रदर्शन किया। योग आचार्य ने बताया कि हमारा पूरा शरीर हाथों में ही समाया हुआ है। इसलिए अपने हाथों को बहते साफ पानी से गीला करें। साबुन लगाएं। दोनों हाथों को एक दूसरे से रगड़ें। अंगुलियों के बीच और नाखूनों के नीचे की जगह को भी साफ करें। कम से कम 20 सैकेंड तक रगड़ें। साफ पानी से धोए व साफ तौलिये से सुखाएं।

उन्होंने तनाव कम करने का आसन, कद बढ़ाने का आसन, कमर दर्द को सही करने का आसन व पेट की चर्बी को कम करने का आसन सिखाए। विद्यालय के अध्यक्ष वीपी यादव और निदेशिका शारदा यादव ने सुषमा कुमारी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्राचार्या गरिमा यादव ने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में योग छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण साबित हो सकता है। योग शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ एकाग्रता और मानसिक शांति प्रदान करता है।



रेवाड़ी। सनग्लो स्कूल में योगासन करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### गवर्नमेंट स्कूल धारूहेड़ा में पीपीपी कार्यशाला आज

**रेवाड़ी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धारूहेड़ा में 8 मई को फैमिली आईडी की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला विद्यार्थियों को फैमिली आईडी से संबंधित जानकारी देंगे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से एपीसी सुंदर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। डा. खोला ने बताया कि स्कूलों के वरिष्ठ विद्यार्थियों को फैमिली आईडी का उपयोग सिखाना शुरू किया गया था, जिसके अच्छे परिणाम सामने आए है, इसलिए पूरे प्रदेश में कार्यक्रम बनाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि जल्द ही कॉलेज कैडर के विद्यार्थियों के लिए भी कार्यशाला शुरू की जाएगी।

- कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से एपीसी सुंदर सिंह भी उपस्थित रहेंगे
- डा. खोला ने बताया कि स्कूलों के वरिष्ठ विद्यार्थियों को फैमिली आईडी का उपयोग सिखाना शुरू किया गया था जिसके अच्छे परिणाम आए

**कार्यक्रम** कृषि महाविद्यालय बावल में डेटा विश्लेषण के लिए सांख्यिकीय उपकरण के प्रयोग का शुभारंभ

# शोधकर्ताओं के लिए सांख्यिकीय उपकरणों का ज्ञान बहुत महत्वपूर्ण: डॉ. कौशिक

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज के मार्गदर्शन में 19 मई तक होने वाले कार्यक्रम में देशभर के 7 राज्यों से 30 सहायक प्रोफेसर ले रहे हैं भाग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

कृषि महाविद्यालय बावल में मंगलवार को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के प्रायोजन से कृषि और सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में डेटा विश्लेषण के लिए सांख्यिकीय उपकरण के प्रयोग क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज के मार्गदर्शन में 19 मई तक होने वाले कार्यक्रम में देशभर के 7 राज्यों से 30 सहायक प्रोफेसर भाग ले रहे है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. अजीत सिंह यादव अतिरिक्त महानिदेशक शिक्षा गुणवत्ता आश्वासन और सुधार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली, डा. धर्मबीर यादव क्षेत्रीय निदेशक क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र बावल और डा. नरेश कौशिक प्रधानाचार्य कृषि महाविद्यालय बावल थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. अजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम साक्ष्य आधारित निर्णय लेने और नीति निर्माण का समर्थन करने के लिए डेटा एकत्र करने, विश्लेषण करने और डेटा की व्याख्या करने के लिए सांख्यिकीय तरीकों के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर ध्यान केंद्रित करेगा।

कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों में मुख्य सांख्यिकीय अवधारणाओं के साथ प्रतिभागियों को एसपीएसएस, आर और एक्सल जैसे आधुनिक सॉफ़्टवेयर टूल्स से परिचित कराना और उन्हें परिकल्पना परीक्षण, प्रतिगमन विश्लेषण, एनोवा और बहुभिन्नरूपी विश्लेषण जैसी तकनीकों में प्रशिक्षण देना शामिल है। हैंड्स ऑन सत्र, केस स्टडी और समूह चर्चा के माध्यम से कार्यक्रम शोधकर्ताओं को मजबूत प्रयोगों को डिजाइन करने और उनके डेटा से सार्थक अंतदृष्टि प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाता है।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि कार्यक्रम में सीखी गई तकनीकों का फायदा उठाएं और कृषि की उन्नति के लिए उन्हें सहायक बनाएं। प्रधानाचार्य डा. नरेश कौशिक ने कहा कि एकत्रित किए गए डेटा और इसके सही अनुप्रयोग की व्याख्या करने के लिए शोधकर्ताओं के लिए सांख्यिकीय उपकरणों का ज्ञान बहुत महत्वपूर्ण है। डेटा विश्लेषण के लिए सांख्यिकीय उपकरणों पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम शिक्षाविदों और कृषि और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में काम करने वाले शोधकर्ताओं की अनुसंधान दक्षताओं को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। पाठ्यक्रम की सह. निदेशिका डा. अलीशा ने बताया कि यह पहल अनुसंधान की गुणवत्ता को मजबूत करने, अंतःविषय सहयोग को बढ़ावा देने, कृषि व ग्रामीण विकास क्षेत्रों में सतत विकास लक्ष्यों का समर्थन करने में योगदान देगा। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य डा. प्रशांत चौहान, डा. परवीन निम्ब्रायण, डा. चरण सिंह, डा. तनवी भाटिया, डा. योगेश कुमार, डा. भारत जैन व डा. अभिषेक सहित कृषि महाविद्यालय, क्षेत्रीय अनुसंधान व कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि